भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 538
दिनांक 07 फरवरी, 2024 / 18 माघ, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में सुरक्षा की स्थिति

538 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से अब तक जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कितनी आतंकवादी घटनाएँ हुई हैं, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2019 से अब तक जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कितने नागरिक मारे गए हैं, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्ष 2019 से अब तक जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में सुरक्षा बलों के कितने जवान शहीद हुए हैं, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) वर्ष 2019 से अब तक जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कितने आतंकवादी मारे गए हैं, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है तथा जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। विवरण निम्नानुसार हैः

वर्ष	2019	2020	2021	2022	2023
आंतकवादियों द्वारा शुरु की गई घटनांए	153	126	129	125	46
मुठभेड़ / आतंकवाद रोधी अभियान	102	118	100	117	48
आतंकवादियों द्वारा शुरु की गई घटनाओं और मुठभेड़ में मारे गए नागरिक	44	38	41	31	14
मारे गए सुरक्षा कर्मी	80	63	42	32	30
मारे गए आतंकवादी	157	221	180	187	73

(स्रोतः सीआईडी, जे एन्ड के)

वर्ष 2019 से 2023 तक संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख में कोई भी आतंकी घटना नहीं दर्ज की गई।

****